Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय - 2 | अंकगणितीय व्यंजक

**QUIZ PART-16**

1. एक वड़ा ₹43 और एक रसगुल्ला ₹24 का है। एक व्यक्ति का कुल खर्च कितना होगा?
   A. ₹57
   B. ₹67
   C. ₹77
   D. ₹87 (B)

*व्याख्या :* $43 + 24 =$ ₹67।

2. दो व्यक्ति एक-एक वड़ा और रसगुल्ला लेते हैं। सही व्यंजक कौन-सा है?
   A. $2 \times 43 + 24$
   B. $2 \times (43 + 24)$
   C. $43 + 2 \times 24$
   D. $43 + 24 + 2$ (B)

*व्याख्या :* प्रत्येक व्यक्ति का खर्च $43 + 24$ है। दो व्यक्तियों के लिए सही व्यंजक $2 \times (43 + 24)$ होगा।

3. दो व्यक्तियों को कुल कितने रुपये चुकाने होंगे?
   A. ₹124
   B. ₹128
   C. ₹134
   D. ₹144 (C)

*व्याख्या :* $2 \times (43 + 24) = 2 \times 67 =$ ₹134।

4. यदि तीसरा मित्र भी वही वस्तुएँ मँगवाता है, तो कुल राशि कितनी होगी?
   A. ₹191
   B. ₹201
   C. ₹211
   D. ₹221 (B)

*व्याख्या :* तीन व्यक्तियों के लिए $3 \times (43 + 24) = 3 \times 67 =$ ₹201।

5. 4 पंक्तियों में 5-5 स्काउट हैं। कुल स्काउट कितने हैं?
   A. 15
   B. 20
   C. 25
   D. 30 (B)

*व्याख्या :* स्काउटों की संख्या $= 4 \times 5 = 20$।

6. 3 पंक्तियों में 5-5 गाइड हैं। कुल गाइड कितनी हैं?
   A. 10
   B. 15
   C. 20
   D. 25 (B)

*व्याख्या :* गाइडों की संख्या $= 3 \times 5 = 15$।

7. स्काउट और गाइड की कुल संख्या के लिए सही व्यंजक कौन-सा है?
   A. $(4 + 3) \times 5$
   B. $4 + 3 \times 5$
   C. $4 \times 3 + 5$
   D. $5 \times 4 + 3$ (A)

*व्याख्या :* कुल $4 + 3 = 7$ पंक्तियाँ हैं और प्रत्येक में 5 विद्यार्थी हैं। इसलिए $(4 + 3) \times 5 = 35$।

8. $10 \times 98 + 3 \times 98$ को सरल रूप में कैसे लिखेंगे?
   A. $13 \times 98$
   B. $7 \times 98$
   C. $10 \times 101$
   D. $3 \times 108$ (A)

*व्याख्या :* दोनों पदों में 98 समान गुणनखंड है। इसलिए $10 \times 98 + 3 \times 98 = (10 + 3) \times 98 = 13 \times 98$।

9. $14 \times 10 - 6 \times 10$ का मान कितना है?
   A. 60
   B. 70
   C. 80
   D. 90 (C)

*व्याख्या :* $(14 - 6) \times 10 = 8 \times 10 = 80$।

10. $27 \times 3 - 27 \times 2$ के समान नहीं कौन-सा व्यंजक है?
    A. $27 \times (3 - 2)$
    B. $27 \times 1$
    C. $27 \times (2 - 3)$
    D. 27 (C)

*व्याख्या :* $27 \times 3 - 27 \times 2 = 27$, जबकि $27 \times (2 - 3) = -27$। इसलिए दोनों समान नहीं हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App